## SECONDARY SCHOOL EXAMINATION – 2022 (ANNUAL)

**SIL - HINDI (NLH)**

Sub. Code - 106

**द्वितीय भारतीय भाषा–हिन्दी**

**Time : 03 Hrs. 15 Minutes** | **Full Marks : 100**

**समय : 03 घंटे 15 मिनट** | **पूर्णांक : 100**

**Total No. of Questions :- 100 +6 =106**

**कुल प्रश्नों की संख्या :– 100 + 6 = 106**

*परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–*

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्नपत्र दो खण्डों में है – खण्ड–अ एवं खण्ड–ब।
6. खण्ड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं; जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। OMR उत्तर–पत्रक में दिये गये सही विकल्प को काले/नीले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का OMR उत्तर–पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।
7. खण्ड–ब में 06 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं।

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

## खण्ड–अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के उत्तर अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR उत्तर–पत्रक पर चिह्नित करें। 50X1=50

1. 'तू जिन्दा है तो जिन्दगी की जीत में यकीन कर' – यह पंक्ति किस कविता की है?

   (A) पीपल (B) खुशबू रचते हैं हाथ

   (C) सुदामा–चरित (D) तू जिन्दा है तो ............

2. ''तुम डरना नहीं अम्मा, मैं सबसे पहले आऊँगा। बिल्कुल न डरना।'' – यह किसने कहा ?

   (A) हामिद ने (B) मोहसिन ने

   (C) नूरे ने (D) महमूद ने

3. 'ईदगाह' शीर्षक पाठ में, सम्मी ने क्या लिया ?

   (A) धोबिन (B) खंजरी

   (C) भिश्ती (D) सिपाही

4. 'सिजदे' शब्द का क्या अर्थ है ?

   (A) जला हुआ (B) सम्मान में सर झुकाना

   (C) पिछला (D) नजर

5. किस कविता में बाधाओं से जूझते हुए उन कर्मशील लोगों की बात कही गई है, जो सभ्यता संस्कृति का निर्माण करते हैं ?

(A) बिहारी के दोहे (B) बच्चे की दुआ

(C) कर्मवीर (D) कबीर के दोहे

6. बालगोबिन भगत का बेटा कैसा था ?

(A) तेजतर्रार (B) निकम्मा

(C) कामकाजी (D) सुस्त और बोदा

7. बालगोबिन भगत रोने के बदले उत्सव मनाने को किसे कहते हैं ?

(A) पतोहू को (B) बेटी को

(C) पत्नी को (D) पड़ोसी को

8. 'बालगोबिन भगत' शीर्षक पाठ के रचयिता कौन हैं ?

(A) आचार्य शिवपूजन सहाय (B) रामवृक्ष बेनीपुरी

(C) कामता प्रसाद सिंह 'काम' (D) रामधारी सिंह 'दिनकर'

9. 'हुंडरू का जलप्रपात' शीर्षक पाठ में जहाँ घनघोर धारा गिरती है, वहाँ पानी कितना फुट ऊपर उछलता है ?

(A) 40 फुट (B) 20 फुट

(C) 30 फुट (D) 10 फुट

10. ''पत्थर का अंतस्थल जैसे पिघलकर बह रहा है, वैसे यदि मनुष्यों का अंतर द्रवित होकर बहने लगता तो संसार से कलह, कपट, स्वार्थ और छीना–झपटी का अंत हो जाता।'' – यह पंक्ति किस शीर्षक पाठ से है ?

(A) ठेस (B) बालगोबिन भगत

(C) खेमा (D) हुंडरू का जलप्रपात

11. किसको कपूर के साथ रखने पर सुगंध जाता रहता है ?

(A) हींग को (B) तेल को

(C) गुड़ को (D) पानी को

12. खेती–बारी के समय, गाँव के किसान किसकी गिनती नहीं करते थे ?

(A) शिवधर की (B) सिरचन की

(C) रामकिशुन की (D) लोचन की

13. पंचानन्द चौधरी किस टोले के थे ?

(A) कुम्हार टोले के (B) नाई टोले के

(C) ब्राह्मण टोले के (D) चौधरी टोले के

14. 'साध्य' शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) बगीचा (B) तेज चाल

(C) परेशानी (D) लक्ष्य

15. ''जपमाला, छापै, तिलक सरै न एकौ कामु। मन–काँचै नाचै वृथा, साँचै राँचै रामु'' – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता की है ?

(A) बिहारी के दोहे (B) कबीर के पद

(C) सुदामा चरित (D) कर्मवीर

16. भज्जू महाजन की बेटी किसकी बात सुनकर तिलमिला उठी ?

(A) मंझली भाभी की (B) सिरचन की

(C) बड़ी भाभी की (D) भानू की

17. 'ठेस' शीर्षक पाठ में, माँ की दुलारी बहू कौन है ?

(A) बड़ी भाभी (B) श्याम भैया की पत्नी

(C) मंझली भाभी (D) इनमें से कोई नहीं

18. बच्चे किसकी भलाई करने की प्रार्थना ईश्वर से करते हैं ?

(A) अमीरों की (B) गरीबों की

(C) शक्तिशाली की (D) बहादुर की

19. 'अशोक का शस्त्र–त्याग' शीर्षक पाठ में, किसने कहा कि – ''कल या तो कलिंग के दुर्ग के फाटक खुल जाएँगे या मगध की सेना वापस चली जाएगी।''

(A) द्वारपाल ने (B) संवाददाता ने

(C) सम्राट अशोक ने (D) सेनापति ने

20. कलिंग महाराज की कन्या पद्मा अपनी स्त्रियों की सेना के साथ कहाँ चली जाती हैं ?

(A) मैदान में (B) पहाड़ पर

(C) मंदिर में (D) दुर्ग में

21. ''जिस मनुष्य के हृदय में ईर्ष्या घर बना लेती है, वह उन चीजों से आनंद नहीं उठाता, जो उसके पास मौजूद हैं '' – यह वरदान किसका है ?

(A) ईर्ष्या का (B) आनंद का

(C) दुःख का (D) सुख का

22. ईर्ष्या की बड़ी बेटी का नाम क्या है ?

(A) बड़ाई (B) निंदा

(C) खुशी (D) भलाई

23. मनुष्य के पतन का कारण क्या है ?

(A) अत्यधिक कर्मशील (B) आलस

(C) सद्‌गुणों का ह्रास (D) बीमारी

24. ''बाजार की मक्खियों को छोड़कर एकांत की ओर भागो।'' – किसका कथन है?

(A) रूसो का (B) टाल्सटाय का

(D) विवेकानन्द का (D) नीत्से का

25. ''सतगुरु धारा निर्मल बाहै, वामैं काया धोई रे।'' – किस कविता की पंक्ति है ?

(A) कबीर के पद (B) बच्चे की दुआ

(C) कर्मवीर (D) झाँसी की रानी

26. 'दीदी की डायरी' शीर्षक पाठ में माँ के पास रात–भर कौन बैठी रही ?

(A) दीदी (B) मंजु

(C) सईदा (D) नीलू

27. 'सत्य के प्रयोग' शीर्षक पुस्तक के रचनाकार कौन हैं ?

(A) स्वामी विवेकानन्द (B) राजा राममोहन राय

(C) महात्मा गाँधी (D) दयानन्द सरस्वती

28. 'पीपल' शीर्षक कविता में पीपल पेड़ के कोटरों में किनके घर हैं ?

(A) जन्तुओं के (B) मानवों के

(C) परियों के (D) पंछी और गिलहरियों के

29. ''संध्या को अब दिन जाता ढल सूरज चलते हैं अस्ताचल कर में समेट किरणें उज्ज्वल'' – किस कविता की पंक्ति है ?

(A) पीपल (B) राह भटके हिरन के बच्चे को

(C) बिहारी के दोहे (D) कबीर के पद

30. बंगीय समाज में दूध, मिसरी की तरह कौन घुल–मिल जाते थे ?

(A) बेढब बनारसी (B) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

(C) वंशीधर श्रीवास्तव (D) प्रेमचन्द

31. 'खेमा' शीर्षक पाठ में चाय बनाने की भट्ठी के साथ लगा पंखा किस रंग का था ?

(A) हरा रंग (B) काला रंग

(C) लाल रंग (D) नीला रंग

32. खेमा के माता पिता ने अपने चारों बच्चों को क्यों बेच दिया ?

(A) पैसे के लिए।

(B) बीमारी के कारण।

(C) गरीबी के कारण।

(D) भरण–पोषण के दायित्व से मुक्त होने के लिए।

33. कविता की पंक्ति को निम्नलिखित शब्द से पूरा करें। गंदे कटे–पिटे .................

(A) सिर (B) हाथ

(C) पैर (D) मुँह

34. गुड़िया पढ़–लिखकर क्या बनना चाहती है ?

(A) चिकित्सक (B) नर्स

(C) अध्यापिका (D) इनमें से कोई नहीं

35. जैनव खानम किसकी पोती है ?

(A) मोहम्मद सिराज की (B) जुम्मन मियाँ की

(C) करीम खाँ की (D) मोहम्मद अब्दुल रहमान की

36. कर्पूरी ठाकुर किस पार्टी के टिकट पर प्रथम आम चुनाव में विजयी रहे ?

(A) सोशलिस्ट पार्टी के (B) कांग्रेस समाजवादी दल के

(C) प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के (D) भारतीय समाजवादी पार्टी के

37. निम्न में कौन सी कविता प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की याद दिलाती है ?

(A) तू जिन्दा है तो ....... (B) झाँसी की रानी

(C) पीपल (D) खुशबू रचते हैं हाथ

38. निम्नलिखित में कौन सा अंग्रेज लेफ्टिनेंट लक्ष्मीबाई को परास्त करने झाँसी पहुँचा ?

(A) कैनिंग (B) वॉकर

(C) जार्ज एनसोन (D) पैट्रिक ग्रांट

39. 'चिकित्सा का चक्कर' शीर्षक पाठ में डॉक्टर चूहानाथ कातर जी की फीस कितनी थी ?

(A) पाँच रुपए (B) सात रुपए

(C) आठ रुपए (D) दस रुपए

40. 'एहतियात' शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) समूह (B) बेहाल

(C) मोहक (D) सावधानी

41. 'दीदी की डायरी' शीर्षक पाठ में 5 जनवरी, 97 का दिन दीदी का कैसा बीता ?

(A) उदासी में बीता (B) खुशी में बीता

(C) परेशानी में बीता (D) नाचने गाने में बीता

42. ‘पीपल’ शीर्षक कविता में ऊँचे टीले से वसुधा पर क्या झरती है ?

(A) पत्थर (B) निर्झरिणी

(C) दूध (D) कीड़े–मकोड़े

43. ‘दीदी की डायरी’ शीर्षक पाठ में माँ को कब से मलेरिया है ?

(A) परसो रात से (B) पिछले सप्ताह से

(C) कल रात से (D) एक महीने से

44. ‘दीनबन्धु निराला’ शीर्षक पाठ में वेलूर मठ में प्रतिवर्ष किनकी जयन्ती तथा पुण्य स्मृति तिथियों पर दरिद्र नारायण को विधिवत् भोजन कराया जाता था ?

(A) दयानन्द सरस्वती की। (B) राजा राममोहन राय की।

(C) महात्मा गाँधी की। (D) परमहंस जी और विवेकानन्द जी की।

45. स्वाभाविक रीति से बंगला बोलने वाला व्यक्ति किसका आत्मीय बन जाता है ?

(A) बंगाली बंधुओं का (B) पंजाबी बंधुओं का

(C) मद्रासी बंधुओं का (D) गुजराती बंधुओं का

46. ‘‘मेरे पैर जलते हैं, चप्पल ला दो काका ............।’’ किसने कहा ?

(A) भग्गू ने (B) खेमा ने

(C) जग्गू ने (D) भीमा ने

47. खेमा के पिता से मिलने कौन गाँव जा पहुँचा ?

(A) पड़ोसी (B) सेठ जी

(C) लेखक (D) कसारा

48. महज समृद्धि के सौन्दर्य की अभ्यस्त दृष्टि से अलग ‘खूशबू रचते हैं हाथ’ शीर्षक कविता में किसकी गरिमा का उद्घाटन है ?

(A) निष्क्रिय व्यक्ति की (B) खुशबू की

(C) आलसी व्यक्ति की (D) सक्रिय श्रम की

49. 'हौसले की उड़ान' शीर्षक पाठ में कदम की माता जी का क्या नाम है ?

(A) शांति देवी (B) शीला देवी

(C) सुशीला देवी (D) मंजु देवी

50. कर्पूरी ठाकुर बिहार के मुख्यमंत्री कितनी बार बने ?

(A) चार बार (B) दो बार

(C) छह बार (D) एक बार

51. 'राह भटके हिरन के बच्चे को' कविता में ; सुबह की सुनहरी किरणें किसे छुएँगी?

(A) हवा को (B) आकाश को

(C) जंगल के पत्तों को (D) चाँद को

52. ''नैने दोऊ जल भरि पूछत कुसल हरि'' – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता पाठ से उद्धृत है ?

(A) कर्मवीर (B) बच्चे की दुआ

(C) झाँसी की रानी (D) सुदामा चरित

53. ''पीपल के पत्ते–से नए–नए हाथ'' – किस शीर्षक कविता की पंक्ति है ?

(A) खुशबू रचते हैं हाथ (B) बिहारी के दोहे

(C) कबीर के पद (D) तू जिन्दा है तो ......

54. जिसमें ईश्वर के साकार रूप की अराधना की जाती है, उसे कहते हैं –

(A) निर्गुण भक्तिधारा (B) सगुण भक्तिधारा

(C) अभेद्य भक्तिधारा (D) निर्भय भक्तिधारा

55. जब–जब वै सुधि कीजियै, तब–तब सुधि जाँहि। –किस कविता की पंक्ति है ?

(A) तू जिन्दा है तो ............ (B) कर्मवीर

(C) बिहारी के दोहे (D) बच्चे की दुआ

56. 'छ' का उच्चारण–स्थान क्या है ?

(A) कंठ (B) मूर्द्धा

(C) दंत (D) तालु

57. 'महेन्द्र' शब्द का संधि–विच्छेद है –

(A) महा + इंद्र (B) म + हेंद्र

(C) महें + द्र (D) म + हेंदर

58. निम्न में से कौन सा शब्द शुद्ध है ?

(A) उज्वल (B) उपर्युक्त

(C) छत्रच्छाया (D) उच्छास

59. 'मंगलवार' शब्द में संज्ञा है –

(A) जातिवाचक (B) भाववाचक

(C) व्यक्तिवाचक (D) समूहवाचक

60. 'नाटक' शब्द में कौन–सा लिंग है ?

(A) स्त्रीलिंग (B) पुंलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

61. 'ज्येष्ठ' शब्द है –

(A) तद्भव (B) देशज

(C) तत्सम (D) विदेशज

62. 'डाल पर चिड़ियाँ गाती हैं – किस कारक का उदाहरण है ?

(A) संबोधनकारक (B) संबंधकारक

(C) करणकारक (D) अधिकरणकारक

63. 'उसने कुछ नहीं लिया' – किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) अनिश्चयवाचक (B) निश्चयवाचक

(C) प्रश्नवाचक (D) संबंध वाचक

64. 'तीस दिन' – किस विशेषण का उदाहरण है ?

(A) गुणवाचक विशेषण (B) संख्यावाचक विशेषण

(C) सार्वनामिक विशेषण (D) परिमाणबोधक विशेषण

65. 'लड़के ने पुस्तक पढ़ी है' – किस काल का उदाहरण है ?

(A) भूतकाल (B) भविष्यत्काल

(C) वर्तमानकाल (D) इनमें से कोई नहीं

66. ''ध्वनियों के मेल से बने सार्थक वर्ण समुदाय'' को कहते हैं –

(A) काल (B) अव्यय

(C) क्रिया (D) शब्द

67. 'पगड़ी' शब्द है –

(A) देशज (B) विदेशज

(C) तत्सम (D) तद्भव

68. जिन शब्दों के खण्ड सार्थक न हो, उन्हें कहते हैं –

(A) यौगिक शब्द (B) रूढ़ शब्द

(C) योगरूढ़ शब्द (D) इनमें से कोई नहीं

69. 'निरोग' शब्द में उपसर्ग है –

(A) नी (B) नि

(C) निर् (D) निरो

70. 'श्रवणीय' शब्द में प्रत्यय है –

(A) य (B) इय

(C) णीय (D) अनीय

71. 'अनुराग' शब्द का विशेषण है –

(A) अनुरागी (B) अनुरागु

(C) अनुरीग (D) अनुरागिन

72. 'त्रिभुवन' शब्द में कौन–सा समास है ?

(A) द्वंद्व समास (B) द्विगु समास

(C) तत्पुरुष समास (D) अव्ययीभाव समास

73. 'सुबह से शाम तक वह बैठा रहा' – किस पदबंध का उदाहरण है ?

(A) संज्ञा–पदबंध (B) सर्वनाम–पदबंध

(C) क्रियाविशेषण–पदबंध (D) क्रिया–पदबंध

74. जिस वाक्य में एक क्रिया और एक कर्ता होता है, उसे क्या कहते हैं ?

(A) सरल वाक्य (B) मिश्र वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य (D) इनमें से कोई नहीं

75. यद्यपि वह हर तरह के संकटों से घिरा था, तथापि निराश नहीं हुआ – किस वाक्य का उदाहरण है?

(A) सरल वाक्य (B) संयुक्त वाक्य

(C) मिश्र वाक्य (D) इनमें से कोई नहीं

76. निम्न में शुद्ध वाक्य कौन है ?

(A) आपकी कुशलता चाहता हूँ। (B) मैंने रोटी खाया।

(C) आपके घड़ी में कै बजी है। (D) चरखा चलाना चाहिए।

77. 'अल्पायु' शब्द का विलोम है –

(A) दीर्घायु (B) मर्त्य

(C) उन्नत (D) प्रतिलोम

78. 'अनुचित बात के लिए आग्रह' – के लिए एक शब्द है –

(A) पूर्वाग्रह (B) दुराग्रह

(C) सर्वत्र (D) सर्वव्याप्त

79. 'कुआँ खोदना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) भटकना (B) कटु सत्य कहना

(C) हानि पहुँचाने का यत्न करना (D) खूब याद रखना

80. 'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता' लोकोक्ति का अर्थ क्या है ?

(A) हानि पहुँचाना (B) पीछा न छोड़ना

(C) डींग हाँकना (D) अकेला आदमी लाचार होता है

81. 'कपड़ा' शब्द का पर्यायवाची है –

(A) चीर (B) शैल

(C) रंभा (D) वृंद

82. 'भ' का उच्चारण–स्थान क्या है ?

(A) कंठ (B) ओष्ठ

(C) मूर्द्धा (D) दंत

83. वर्णों के आधार पर संधि के कितने भेद होते हैं ?

(A) दो (B) चार

(C) तीन (D) छह

84. 'अत्युत्तम' शब्द का संधि–विच्छेद है –

(A) अत्यु + त्तम (B) अ + त्युत्तम

(C) अत्युत्त + म (D) अति + उत्तम

85. निम्न में अशुद्ध शब्द कौन है ?

(A) वानी (B) मुहूर्त

(C) यथेष्ट (D) लक्षण

86. 'सर्दी' शब्द में संज्ञा है –

(A) समूहवाचक (B) द्रव्यवाचक

(C) भाववाचक (D) व्यक्तिवाचक

87. 'घटना' शब्द में कौन–सा लिंग है ?

(A) स्त्रीलिंग (B) पुंलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

88. 'काठ' शब्द है –

(A) तत्सम (B) तद्भव

(C) देशज (D) विदेशज

89. 'मैंने मोहन को बुलाया' – किस कारक का उदाहरण है ?

(A) कर्ताकारक | (B) कर्मकारक
(C) करणकारक | (D) सम्प्रदानकारक

90. 'महाशय' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या है ?

(A) महाशियी | (D) महाशिनी
(C) महाशया | (D) महाशयी

91. जिस सर्वनाम से किसी निश्चित वस्तु का बोध न हो, उसे कहते हैं –

(A) संयुक्त सर्वनाम | (B) निश्चयवाचक सर्वनाम
(C) अनिश्चयवाचक सर्वनाम | (D) प्रश्नवाचक सर्वनाम

92. 'यह पुस्तक किसकी है' – किस विशेषण का उदाहरण है ?

(A) संख्यावाचक विशेषण | (B) गुणवाचक विशेषण
(C) परिमाणबोधक विशेषण | (D) सार्वनामिक विशेषण

93. 'वह खाता है' – किस काल का उदाहरण है ?

(A) वर्तमानकाल | (B) भूतकाल
(C) भविष्यत्काल | (D) इनमें से कोई नहीं

94. 'प्रयास' शब्द में उपसर्ग है –

(A) प | (B) प्र
(C) पर | (D) प्रथा

95. 'बल' शब्द का विशेषण है –

(A) बलीन | (B) बलुवान
(C) बलिष्ठ | (D) बलिवानी

96. 'मदमाता' शब्द में कौन–सा समास है ?

(A) अव्ययीभाव समास (B) कर्मधारय

(D) द्विगु (D) तत्पुरुष समास

97. 'विजय' शब्द का विलोम है –

(A) पराजय (B) विरत

(C) वियोग (D) विनाश

98. 'जहाँ लोगों का मिलन हो' – के लिए एक शब्द है –

(A) दर्शनीय (B) सम्मेलन

(C) याचक (D) विश्वस्त

99. 'अंधे की लकड़ी' मुहावरे का अर्थ है –

(A) चाल चलना (B) धोखा देना

(C) एक ही सहारा (D) माँगना

100. 'वीणापाणि' शब्द में कौन–सा समास है ?

(A) तत्पुरुष समास (B) द्वंद्व समास

(C) अव्ययीभाव समास (D) बहुव्रीहि समास

## खण्ड – ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंको का होगा। 5 X 2 = 10

(क) जब कोई वीर पुरुष किसी को क्षमा करता है तो वह देखने और सुनने में अच्छा लगता है। लेकिन जब कोई कायर और कमजोर व्यक्ति किसी को क्षमा करने की बात करता है, तो यह उपहास की बात हो जाती है। यदि हम अपने को बड़ा मानते हैं, हम बलशाली और विद्वान हैं, हम बड़े प्रबुद्ध हैं, तो यही क्षमा हमारे जीवन का अलंकार बन जाती है। शिक्षक बच्चों को पढ़ाते हैं, बच्चें का काम होता है–भूल करना। यदि शिक्षक उनकी भूलों को क्षमा कर देते हैं तो यहाँ शिक्षक की गरिमा बढ़ती है, मर्यादा बढ़ती है। यदि बच्चों को उनकी किसी प्रकार की छोटी–छोटी भूलों के लिए सजा दी जाए, उन्हें पीटा जाए तो उस व्यक्ति या शिक्षक को हम क्षमाशील नहीं कह सकते।

(i) उपहास की बात क्या हो जाती है?

(ii) हमारे जीवन का अलंकार क्या है ?

(iii) भूल किससे होती है ?

(iv) शिक्षक की मर्यादा कब बढ़ जाती है ?

(v) कैसे शिक्षक को हम क्षमाशील नहीं कह सकते ?

ख) महाराणा प्रताप सिंह सिसोदिया राजपूत राजवंश के राजा थे। उन्होंने मुगल सम्राट अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की और कई सालों तक संघर्ष किया।

महाराणा प्रताप सिंह ने मुगलों को कई बार युद्ध में हराया। 1576 ई0 के हल्दीघाटी युद्ध में 500 भील लोगों को साथ लेकर महाराणा प्रताप ने आमेर सरदार राजा मानसिंह की सेना का सामना किया। हल्दीघाटी युद्ध में भील सरदार राणा पूंजा जी का योगदान सराहनीय रहा। शत्रु सेना से घिर चुके महाराणा प्रताप को झाला मानसिंह ने अपने प्राण देकर बचाया। युद्ध तो सिर्फ एक दिन चला, लेकिन इसमें 17,000 लोग मारे गए।

(i) महाराणा प्रताप किस वंश के राजा थे ?

(ii) हल्दीघाटी का युद्ध कब हुआ था ?

(iii) भील सरदार का नाम क्या था ?

(iv) अपने प्राण देकर महाराणा प्रताप को किसने बचाया ?

(v) हल्दीघाटी युद्ध में कितने लोग मारे गए ?

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा। 5 X 2 = 10

(क) दुर्गाबाई देशमुख भारत की स्वतंत्रता सेनानी तथा सामाजिक कार्यकर्त्ता तथा भारतीय संविधान सभा में चुनी जाने वाली महिला और स्वतंत्र भारत के पहले वित्तमंत्री चिंतामणराव देशमुख की पत्नी थीं। आंध्र प्रदेश से स्वाधीनता संग्राम में सर्वप्रथम कूदने वाली महिला दुर्गाबाई का जन्म 15 जुलाई 1909 ई0 में राजमंड्री जिले के काकीनाडा नामक स्थान पर हुआ था। अपनी माता के कारण दुर्गाबाई के मन पर बचपन से ही देशप्रेम एवं समाजसेवा के संस्कार पड़े। दुर्गाबाई देशमुख ने आन्ध्र महिला सभा, विश्वविद्यालय महिला संघ, नारी निकेतन जैसी कई संस्थाओं के माध्यम से महिलाओं के

उत्थान के लिए कार्य किए। ब्रिटिश राज से आजादी के लिए भारत के संघर्ष में महात्मा गाँधी की अनुयायी थीं।

(i) दुर्गाबाई देशमुख कौन थीं ?

(ii) दुर्गाबाई का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

(iii) दुर्गाबाई देशमुख ने किसके माध्यम से महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य किए?

(iv) वह किनकी अनुयायी थीं ?

(v) किनके कारण दुर्गाबाई के मन पर देशप्रेम एवं समाज सेवा के संस्कार पड़े ?

(ख) भारत में वैश्वीकरण की आवश्यकता तब महसूस की गई जब 1991 ई0 में वित्तीय संकट के कारण इसे अपना सोना गिरवी रखकर विदेशों से ऋण लेना पड़ा। भारत में वैश्वीकरण को स्वीकृति देने के बाद से विदेशी निवेशकों ने भारत में अत्यधिक पूँजी निवेश किया है। इससे आयात–निर्यात को भी अत्यधिक बढ़ावा मिला है। सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी तथा ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों में असाधारण प्रगति हुई है एवं इन क्षेत्रों के भारतीय विशेषज्ञों की माँग दुनिया भर में बढ़ी है। आज बड़ी संख्या में भारत के विशेषज्ञ विश्व के अनेक देशों में कार्यरत हैं।

(i) भारत में वैश्वीकरण की आवश्यकता कब महसूस की गई ?

(ii) विदेशी निवेशकों ने भारत में अत्यधिक पूँजी का निवेश कब किया ?

(iii) किन क्षेत्रों में भारतीय विशेषज्ञों की माँग बढ़ी है ?

(iv) भारत के विशेषज्ञ कहाँ कार्यरत हैं ?

(v) गद्यांश का उचित शीर्षक दें।

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिये गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 250–300 शब्दों में निबंध लिखिए :– 10

(क) वृक्षारोपण

(i) भूमिका (ii) महत्त्व

(iii) लाभ (iv) उपसंहार

(ख) त्योहार के महत्त्व

(i) भूमिका (ii) महत्त्व

(iii) आयोजन (iv) निष्कर्ष

(ग) गाँधी जयन्ती

(i) भूमिका (ii) बाल्यकाल

(iii) राजनीति (iv) देन

(v) उपसंहार

(घ) परोपकार

(i) भूमिका (ii) प्रेरणा

(iii) कर्त्तव्य और लाभ (iv) उपसंहार

(ङ.) पिकनिक

(i) आरम्भ (ii) तैयारी

(iii) समारम्भ (iv) उपसंहार

4. परीक्षा की सफलता पर अपने मित्र को एक बधाई पत्र लिखें। 05

अथवा

विद्यालय के पुस्तकालय के बारे में दो छात्रों के संवाद को लिखें।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर 20–30 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है : 5X2= 10

क. गाँव के किसान सिरचन को क्या समझते थे ?

ख. मेले में चिमटा खरीदने से पहले हामिद के मन में कौन से विचार आये ? लिखें।

ग. सुदामा को कुछ न देकर उनकी पत्नी को सीधे वैभव सम्पन्न करने के पीछे भगवान कृष्ण की क्या मंशा थी ?

घ. झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई किसके साथ पढ़ी और खेली थीं ?

ङ. सचिवालय स्थित कार्यालय में पहले दिन कर्पूरी ठाकुर ने कैसा दृष्य देखा तथा उसपर उन्होंने क्या निर्णय लिया ?

च. खेमा कितने वर्ष का था ? वह किस काम के लिए कसारा के होटल में रहता था ?

छ. 'अल्लाह बुराई से बचाना मुझको तथा नेक राह पर चलने की शक्ति प्रदान करना' – 'बच्चे की दुआ' शीर्षक कविता की किन पंक्तियों में यह भाव स्पष्ट किया गया है ? कविता की उन पंक्तियों को लिखें।

ज. 'ईर्ष्या : तू न गई मेरे मन से' शीर्षक पाठ में ईष्वरचंद्र विद्यासागर ने कौन सूत्र कहे ? लिखें।

झ. 'राह भटके हिरण के बच्चे को' शीर्षक कविता के अनुवादक कौन हैं ? पहाड़ पर कौन रो रहा है ?

ञ. 'आजाद दस्ता' का गठन किसने किया ? कर्पूरी ठाकुर इसमें क्या थे ?

6. क. भावार्थ लिखें – 1X5= 5

पीपल के पत्ते गोल–गोल
कुछ कहते रहते डोल–डोल
जब–जब आता पंछी तरू पर जब–जब आता पंछी उड़कर
जब–जब खाता फल चुन–चुनकर

ख. ''अब सारा संसार निस्तब्धता में सोया है, बालगोबिन भगत का संगीत जाग रहा है, जगा रहा है। '' व्याख्या कीजिए।